


## एक नजर में

### भाजपा आजीवन सहयोग निधि अभियान के लिए संयोजक नियुक्त

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी 11 फरवरी को पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर इस वर्ष भी आजीवन सहयोग निधि अभियान का शुभारंभ करेगी। अभियान के लिए प्रदेष अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने संयोजक नियुक्ति किये है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़ अभियान टोली के जिला संयोजक रहेगे। जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि आजीवन सहयोग निधि अभियान के लिए विधानसभा वार संयोजक नियुक्ति किये गये है। रतलाम शहर विधानसभा मे मंगल लोढा, रतलाम ग्रामीण मे अशोक पंड्या, जावरा अमित पाठक, आलोट मे शैलेश आंचलिया एवं सैलाना मे गोविंद डामोर विधानसभा संयोजक बनाए गए है।

### किसान जागरूकता वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**रतलाम।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस संबंध में सोमवार को मंडी प्रांगण रतलाम से मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरालाल डामर, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय भूतपूर्व जिला अध्यक्ष एवं कृषक आयोग के अध्यक्ष ईश्वर लाल पाटीदार के मार्गदर्शन में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। किसान मोटरसाईकिल रैली के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढावा देना, नरवाई प्रबंधक के उपाय, संतुलित खाद्य उर्वरक के उपयोग, खेती की नवीन व उन्नत तकनीकी के उपयोग, उर्वरक वितरण के लिए ई–टोकन व्यवस्था, सिचाई में पानी की बचत करने के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप से सिंचाई करना संबंधी संदेश दिए गए। रैली में उपसंचालक कृषि श्रीमती नीलम चौहान, परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नार्गेश, सहायक संचालक कृषि भिका वास्के, एसडीओ जावरा आर.के सिंह, तकनीकी सहायक बालकृष्ण राठौर, रतलाम ब्लॉक के प्रभारी एसएडीओ बालचंद डोडियार, रतलाम ब्लॉक के कृषि विस्तार अधिकारी एवं बीटीएम एटीएम (आत्मा), कृषि उपज मण्डी के कर्मचारी, फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला मण्डी रतलाम उपस्थित थे।

### संपूर्णता अभियान 2.0 को संपादित करने हेतु कलेक्टर ने दायित्व सौंपे

**रतलाम।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी भारत सरकार नीति आयोग के निर्देशानुसार आकांक्षी विकासखंड बाजना में 20 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक संपूर्णता अभियान 2.0 संचालित कर निर्धारित 6 संकेतकों में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति की जाकर सेचुरेशन प्राप्त करना है। कार्य समय सीमा में संपादित करने हेतु कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रतलाम को नियुक्त किया गया है।

### स्कूल में भारतीय डाक द्वारा पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**रतलाम।** भारतीय डाक विभाग द्वारा अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान वर्ष 2025–26 के अंतर्गत द पाईडीएन स्कूल, कालिका माता के पास पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'मेरे आदर्श को पत्र' रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भावपूर्ण एवं सृजनात्मक पत्र लेखन कर अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें 18 वर्ष तक तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने अपने आदर्शों के प्रति सम्मान, प्रेरणा और जीवन मूल्यों को पत्र के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के संचालक प्रशांत छाजेड़, प्राचार्य श्रीमती वर्षा जैन एवं भारतीय डाक विभाग से के.एल.पडियार तथा रोहित सिंह राठौर उपस्थित रहे। अतिथियों ने पत्र लेखन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इस विधा से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कौशल विकसित करना, भावनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना एवं पारंपरिक पत्र लेखन की संस्कृति को जीवित रखना बताया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

### शिशु मंदिर के 12 वीं के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह संपन्न

**जावरा।** सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वतीपुरम पहाडिया रोड पर कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह फिर मिलने के वादे के साथ संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव कथन सुनाएं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्थ शर्मा चार्टर्ड अकाउंटेंट रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कई खेल खिलाए गए। इस अवसर पर विवेक भारती शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत चतर, उपाध्यक्ष राधेश्याम पोरवाल, सचिव तन्मय सोनी, सह सचिव लोकेश शर्मा, प्राचार्य रेनू बाला शर्मा सहित आचार्य परिवार एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### हर माह जीव आहार योजना के तहत गायों को कराया आहार

**जावरा।** मनुष्य जीवन में इंसान सदैव कर्म पथ पर अग्रसर रहते हुए सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में कार्य करता रहता है लेकिन उन सबसे भी बडकर जीवदया के कार्य को सच्चा धर्म माना गया है और यह करते हुए हृदय में असीम सुकून की प्राप्ति होती है। उक्त विचार सेन्ट्रल अध्यक्ष संजय सुराणा ने व्यक्त किए। जेएसजी सेन्ट्रल द्वारा हर माह जीव आहार योजना संचालित की जाती है उस कडी में लाभार्थी स्वर्गीय सुजानमल, कमलाबाई की स्मृति में श्रीपाल मंगलेश बाफना परिवार द्वारा गायों को आहार करवाया गया। इस अवसर पर ललित जैन, नीलेश टुकडियां, विकास जैन, महावीर डांगी, सौरभ दुग्गड, राकेश ढोरा, सौरभ मेहता, नरेश मारवाडी, आभा ढोरा, सोनम दुग्गड, सोनल चत्तर आदि सदस्य उपस्थित थे।

### कन्हैयालाल धारीवाल की 5 वीं पुण्यतिथि पर मरीजो व अटेंडरों को कराया स्वल्पाहार


**जावरा।** जैन सोश्यल ग्रुप मैत्री द्वारा समाज गौरव स्व. कन्हैयालाल धारीवाल (पटेल साहब) की 5 वीं पुण्यतिथि पर धारीवाल परिवार के सौजन्य से शा.चिकित्सालय में सेवा, संवेदना की मानवीय पहल करते हुए समस्त रोगियों को स्वास्थवर्धक एनर्जी पेय व स्वल्पाहार कराया, साथ ही चिकित्सालय में भरती मरीजों के अटेंडरों को भी स्वल्पाहार कराया उपरोक्त जानकारी देते हुए जैन सोशयल ग्रुप जावरा मैत्री के उपाध्यक्ष अर्पल कोचट्टा व प्रचार सचिव मनीष मेहता नें बताया की इस अवसर पर ग्रुप द्वारा टीबी मरीजों के लिए पोषण आहार भी वितरित किया गया, आयोजन में जेएसजी जावरा मैत्री अध्यक्ष राजेश पोखरना नें कहाँ की जेएसजी जावरा मैत्री द्वारा मानव सेवा को चरितार्थ करते हुए रोगियों को स्वास्थ्य वर्धक सुरक्षा पेय व टीबी मरीजों के लिए पोषण आहार संबल का कार्य करेगा, इस अवसर पर ग्रुप सचिव शशांक व श्रेया मेहता की विवाह वर्षगांठ भी मनाई गई व विवाह वर्षगांठ पर चिकित्सालय में स्टील चेयर प्रदान की गई, कार्यक्रम में चिकित्सालय प्रभारी डॉ. दीपक पालडिया, मैत्री के संस्थापक अध्यक्ष अनिल धारीवाल, पूर्व अध्यक्षगण संदीप रांका, आलोक बरैया, आशीष पोखरना, सचिव शशांक मेहता, अर्पल कोचट्टा, तरुण टुकडिया, चिंतन टुकडिया, मनीष मेहता, अजय पटवा पुखराज संचेती, आशीष जैन, हितेश मेहता, राहुल छाजेड, चिराग चौरडिया, पुखराज सुराणा, श्रेया मेहता, राखी धारीवाल, समीक्षा पोखरना, नम्रता पोखरना, शैलेन्द्र दवे व चिकित्सालय स्टॉफ मौजूद था।

# फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर ब्लैकमेलिंग की कोशिश नाकाम

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** रतलाम। जिला के सरवन क्षेत्र में सायबर अपराधियों द्वारा फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर ब्लैकमेलिंग की कोशिश करने का गंभीर मामला सामने आया है। थाना प्रभारी सरवन की सतर्कता एवं समझदारी से फरियादी एक बड़े आर्थिक एवं मानसिक संकट का शिकार होने से बच गया।

**▶ थाना सरवन जिला रतलाम पुलिस की सतर्कता से टला बड़ा साइबर फ्रॉड**



थाना सरवन अंतर्गत फरियादी को एक अज्ञात युवती द्वारा व्हाट्सएप वीडियो कॉल किया गया। कॉल के दौरान युवती द्वारा अश्लील हरकतें करते हुए फरियादी को बातचीत में उलझाया गया। इसके अगले दिन एक अन्य व्यक्ति (फ्रॉडस्टर) ने स्वयं को डीएसपी बताते हुए फरियादी को कॉल किया और धमकी दी कि उसके विरुद्ध गंभीर अपराध की शिकायत दर्ज हो चुकी है, उसे तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस के अनुसार कथित फर्जी अधिकारी द्वारा फरियादी पर दबाव बनाते हुए कहा गया कि यदि कार्रवाई से बचना है, तो उसकी शर्तें माननी होंगी। धमकियों से घबराकर फरियादी ने अपने परिजनों को पूरी घटना बताई, जिसके बाद परिजन फरियादी को लेकर तत्काल पुलिस थाना सरवन पहुंचे।

**पुलिस की तत्परता से फ्रॉड होने से बचा**

थाना प्रभारी अर्जुन सेमलियार द्वारा पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से सुनते हुए फरियादी को समझाया गया कि यह सायबर अपराधियों की पूर्व नियोजित ठगी की योजना है, जिसमें पहले अश्लील वीडियो कॉल कर फंसाया जाता है और बाद में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर डराकर पैसों की मांग की जाती है। थाना प्रभारी की सूझबूझ से फरियादी को न केवल मानसिक संबल मिला, बल्कि वह एक संभावित बड़े फ्रॉड से भी सुरक्षित रहा। प्रकरण की जानकारी सायबर सेल को भेजकर तकनीकी जांच प्रारंभ कर दी गई है।

**सायबर फ्रॉड एडवाइजरी:** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन में सायबर सेल रतलाम द्वारा आमजन को सायबर ठगी से बचाव के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी दी।

- कोई भी पुलिस अधिकारी, डीएसपी,सीबीआई,ईडी व्हाट्सएप/वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी या कार्रवाई की धमकी नहीं देता।
- अश्लील वीडियो कॉल आने पर तुरंत कॉल काटें, स्क्रीनशॉट/रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखें।
- किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी फोटो, वीडियो, ओटीपी या बैंक जानकारी साझा न करें।
- फर्जी अधिकारी डराकर पैसे मांगते हैं तो घबराएं नहीं, तुरंत पुलिस से संपर्क करें।
- ऐसी स्थिति में तुरंत स्थानीय पुलिस थाने या सायबर सेल को सूचना दें। 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें सायबर क्राइम पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें।

## जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रेषित पत्रों का समाधानकारी जवाब दें : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई।

**समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश सी एम एच ओ को दिए। कलेक्टर के सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों के समयावधि मे समाधानकारी निराकरण कर जनप्रतिनिधियों को भी अवगत करवायें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव सहीत जिला अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने कलेक्टर सभाकक्ष में राष्ट्रगीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन गण मन का गायन किया।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान विभिन्न विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि विभागीय बैठक के पालन प्रतिवेदन की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। सभी एसडीएम, वन विभाग से समन्वय कर अपने क्षेत्र में पट्टे प्राप्त करने के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करें, और पट्टो के संबंध में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करें।

कलेक्टर ने संकल्प से समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत 106 शासकीय योजनाओं के संबंध में आवश्यक प्रचार प्रसार करने नगर पालिका निगम, जिला पंचायत और जिला शहरी विकास प्राधिकरण के माध्यम से आवेदनों को प्राप्त करने और सेवाएं प्रदान करते हुए उनका निराकरण करते हुए ऑनलाइन प्रविष्टि के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के नाम की सूची निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त की जाए और सीईओ जनपद तथा बीएमओ आपस में बैठक करते हुए हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान करें, स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान के लिए नोडल अधिकारी का नामांकन किया जाए तथा श्रम विभाग से श्रमिक संवर्ग के हितग्राहियों की नाम की सूची प्राप्त कर श्रमिक संवर्ग के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किये जाए। समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई करने, नेशनल हाईवे पर अनाधिकृत व्यवसाय के संबंध में ढाबों की लाइन लिस्टिंग करने, कट पॉइंट्स का निर्धारण करने, टोल प्लाजा से संबंधित कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर टोल पर रिकवरी रेट का निर्धारण, वहां उपलब्ध मानव संसाधन का उचित उपयोग, सड़कों के आवश्यक पैच वर्क करने के संबंध में निर्देशित किया। अमृत सागर तालाब, समग्र आईडी बनाने, संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद स्थापना के संबंध में दावे और आपत्तियों का समय सीमा में निराकरण किया जाएं और नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएं। जनप्रतिनिधियों द्वारा सांसद निधि एवं विधायक निधि से प्राप्त राशि अंतर्गत तकनीकी स्वीकृति में विलंब नहीं किया जाए। प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए।




## खेलो एमपी में टीम को ब्रॉन्ज मेडल

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** खेलो एमपी खेल प्रतियोगिता का आयोजन राज्य स्तर पर भोपाल में किया गया। जिसमें रतलाम थ्रो बॉल एसोसिएशन की बालिका खिलाड़ियों ने राज्य स्तर प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीता। जिला सचिव दुर्गा शंकर मोयल व रतलाम जिले के राधा गुर्जर, आरती यादव, तनीषा पाटीदार, पूजा सिंगाड़, वंशिका सोलंकी, अल्फिया खान की टीम ने उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों को खेल मंत्री विश्वास सारंग एवं अतिथियों ने मेडल एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया।

रतलाम आने पर सभी खिलाड़ियों को रतलाम थ्रो बॉल एसोसिएशन के अनुज शर्मा, जिला खेल अधिकारी रुचि शर्मा, जितेन धूलिया दीपेंद्र ठाकुर, हार्दिक कुरुवारा, प्रदीप पवार, संजय शर्मा, बद्रीलाल बसेरा, राहुल वर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई दी व हर्ष व्यक्त किया।

## पहली बार बालिकाओं का इको–फ्रेंडली मैच होगा

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शहर के खेल प्रेमियों के लिए हर्ष का विषय है कि अक्षय संघवी मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 'रतलाम ट्रॉफी 2026' रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अपने 10वें सफल वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। टूर्नामेंट का आयोजन 3 फरवरी से 14 फरवरी 2026 तक पोलो ग्राउंड, नेहरू स्टेडियम, रतलाम में किया जाएगा। विगत वर्षों से यह प्रतियोगिता अपनी उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, अनुशासित खेल भावना एवं रोमांचक मुकाबलों के कारण शहर की सबसे लोकप्रिय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। इस वर्ष रतलाम ट्रॉफी में रतलाम शहर की 32 शीर्ष टीमें भाग लेंगी और सभी मुकाबले रात्रिकालीन होंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट का भरपूर आनंद मिलेगा। आयोजक समिति द्वारा जानकारी दी गई कि विजेता टीम को 1,00,000 नगद पुरस्कार व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 50,000 नगद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच को कूलर. फाइनल के मैन ऑफ द मैच को फ्रिज, तथा मैन ऑफ द सीरीज को ई–स्कूटर देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट की एक विशेष आकर्षण यह भी रहेगा कि दर्शक दीर्घा में मैच के दौरान शानदार कैच पकड़ने वाले दर्शकों को भी नगद प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही दर्शकों एवं परिवारजनों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है।

**अनूठी पहल**

रतलाम ट्रॉफी 2026 की शुरुआत 3 फरवरी को शाम 5:30 बजे एक विशेष इको–फ्रेंडली बालिकाओं के क्रिकेट मैच से की जाएगी, जो महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं में क्रिकेट के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से रतलाम में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। पहला मैच मातोश्री और बी.सी.सी. क्लब के मध्य खेला जाएगा। इसके पश्चात अंबर बनाम अली बायस के बीच मुकाबला होगा।

**पोलो ग्राउंड का निरीक्षण, तैयारियों को अंतिम रूप:** सोमवार, 2 फरवरी को अक्षय संघवी मित्र मंडल द्वारा पोलो ग्राउंड का निरीक्षण कर पिच एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया गया। इस अवसर पर टूर्नामेंट की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

## मैजिक संगठन व ट्रैफिक विभाग की सीपीआर ट्रेंनिंग

**रतलाम।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला रतलाम द्वारा जिलाधीश मिशा सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे सीपीआर ट्रेंनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत चेयरमैन प्रीतेश गादिया के नेतृत्व में दो बत्ती पुलिस थाने पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में अतिथि ट्रैफिक डीएसपी आनंद सोनी ने कहा की यह ट्रेंनिंग मैजिक संगठन के समस्त चालक के लिए एवं ट्रैफिक से जुड़े हर व्यक्ति के लिए अति आवश्यक है जो की चलते यात्री की किसी भी वक्त जीवन बचाने के काम आ सकती है। चेयरमैन प्रीतेश गादिया ने कहा कि सेवा का काम एक व्यक्ति से चालू लेकर सेकड़ो लोगों तक कार्यकर्ता अपना काम कहीं भी रहकर कर सकते हैं सेवा पुण्य का एक माध्यम है रेडक्रॉस उसी का पर्याय है मैजिक संगठन के अध्यक्ष राजकुमार लाला एवं अखिल अहमद ने अपनी बात रखी। लक्ष्मी नारायण पांडे महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष शैलेंद्र डाबर के मार्गदर्शन में डॉक्टर सचिन कुंभारे डॉक्टर हेमंत चौरे डॉक्टर रिद्धिमा डॉक्टर संयम एम डॉक्टर राखी ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के संचालक दिनेश बरमेचा एवं मैजिक संगठन के पदाधिकारी ने डॉक्टर का सम्मान किया। संचालन हेमंत मूणत ने किया।

## समीक्षा बैठक में एसपी ने अधिकारियों को दिए टारगेट

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** एसपी अमित कुमार द्वारा सोमवार को नवीन पुलिस कंट्रोल रूम रतलाम में जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति, अपराधों की प्रवृत्ति एवं पुलिस की कार्यवाही की गहन समीक्षा की गई।

जिले के सभी पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ की अपराध समीक्षा बैठक — कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु दिए सख्त निर्देश। साथ ही सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण आदि। बैठक के अंतर्गत आगामी दिनों में की जाने वाली कार्रवाइयों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा सभी सीएसपी/एसडीओपी /थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश एवं टारगेट प्रदान किए गए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम (शहर) राकेश खाखा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल, प्रशिक्षु आईपीएस वैभव प्रिय, एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल, एसडीओपी रतलाम ग्रामीण किशोर पाटनवाला, नगर पुलिस



अधीक्षक जावरा युवराज सिंह चौहान, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय, एसडीओपी सैलाना श्रीमति नीलम बघेल, एसडीओपी आलोट सुश्री पल्लवी गौर, डीएसपी आजाक अजय सारवान, डीएसपी यातायात आनंद स्वरूप सोनी, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री अनिशा जैन, जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। बैठक के अंतर्गत आगामी दिनों में की जाने वाली कार्रवाइयों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा सभी सीएसपी/एसडीओपी/थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश एवं टारगेट प्रदान किए गए। साथ ही लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण हेतु विशेष टीमों का गठन किया जाए। सायबर ठगी के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही कर ठगी गई राशि को होल्ड करवाए जाने एवम आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु कार्यवाही करे। समय समय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया जाए। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में त्वरित वैधानिक कार्रवाई करते हुए जागरूकता अभियान चलाया जाए। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम अवयस्क बालक–बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए टीम गठित कर अभियान संचालित किया जाए।

**इन बिंदुओं पर निर्देश:** गंभीर संपत्ति संबंधी अपराधों, लंबित एवं चिह्नित अपराधों, आदतन अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई कार्यवाही। अवैध मादक पदार्थों एवं अवैध शराब के विरुद्ध की गई कारवाई। गुम/अपहृत नाबालिग बालक–बालिकाओं की दस्तयाबी (ऑपरेशन मुस्कान)।



## जावरा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाने की जिनचंद्र सूरी ने की घोषणा

नवभारत न्यूज

जावरा। जैनाचार्य, सत्य साधना प्रेरक पूज्य जिनचंद्रसूरी म.सा. का 53 वा पाट महोत्सव शाश्वत तीर्थ पालीताना पर दो दिवसिय धार्मिक आयोजनो के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाराजश्री ने नंदप्रभा संग्रहालय का भी अवलोकन किया। वरघोड़े में परमात्मा के रथ के साथ श्रीपूज्य श्री जिनचन्द्र सूरि जी मसा, यतिवर्य श्री अमृत सुंदर मसा, यति सुमति सुंदर एवं आर्या समकित प्रभा श्रीजी के सान्निध्य में देशभर के विभिन्न प्रांतों से आए गुरु–भक्तों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

**मसा ने सुराणा परिवार को दी स्वीकृति**

मीडिया प्रभारी शिरीष सकलेचा ने बताया कि इस अवसर पर जावरा श्रीसंघ की ओर से आशीष एवं अभिनंदन सुराणा परिवार द्वारा गुरुदेव श्री को जावरा में गुरुपूर्णिमा महोत्सव हेतु पदार्पण की भावपूर्ण विनती की गई, जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए 29 जुलाई को जावरा में गुरुपूर्णिमा आयोजन की घोषणा की गई। पाट महोत्सव के आयोजन का लाभ सत्य साधना केंद्र, सूरत एवं गुजरात के साधकों द्वारा लिया गया। इस महोत्सव में देश ने विभिन्न राज्यों के गुरुभक्त मौजूद रहे।

**आयोजन** ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को संवारने की मिसाल बने बलवंतसिंह राठौर

## ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला नया मंच, खेल और संस्कृति का हुआ संगम



नवभारत न्यूज

**जावरा।** गांवों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल सामने आई है। बास्केटबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी, समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त एक्ससाइज अधिकारी बलवंतसिंह राठौर (गोंदीशंकर) ने गांव के बीच स्थित अपने फॉर्म पर आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास कर ग्रामीण युवाओं के सपनों को नई उड़ान दी है। उन्होंने अपने निजी प्रयासों से यहां बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट तथा सुबह–शाम टहलने के लिए एक सुव्यवस्थित उद्यान का निर्माण कराया। इन सुविधाओं के लोकार्पण अवसर पर खेल प्रेम और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम के साथ ही राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ियों का मिलन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें खिलाडियों ने अपने अनुभव साझा किए और ग्रामीण युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आध्यात्मिक वातावरण के निर्माण हेतु संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया, जिससे कार्यक्रम में श्रद्धा और संस्कार का समावेश हुआ। उपस्थित जनसमुदाय ने इसे खेल, संस्कृति और समाजसेवा का सुंदर संगम बताया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजनारायणसिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी हेमंत श्रीमाल, एकलव्य पुरुस्कार विजेता सुमित रिछारिया, डीएसपी अजय सारवान, तारेश स्वर्णकार के साथ जिला बास्केटबॉल संघ के अशोक सेठिया, विजय पामेचा, अरुण संघवी, नीतिराजसिंह, शेखर नाहर, महेन्द्र गंगवाल, डॉ हमीरसिंह राठौर, युसूफ कड़पा, पिपलौदा जनपद अध्यक्ष योगेन्द्रसिंह सोलंकी, अनिल संघवी, डॉ अजयसिंह राठौर, पूष्पेन्द्रसिंह सोलंकी, प्रणय नाहटा के साथ सेवानिवृत आईजी महेन्द्रसिंह सिकरवार, अनिल कुशवाह, सेवानिवृत डीआईजी धर्मेंद्र चौधरी, सेवानिवृत डीजे तारकेश्वरसिंह आदि सहित कई राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**फीता काट लोकार्पण**

कोर्ट का लोकार्पण खेलगुरु व्ही पी रिछारिया सर के साथ ही सेंट्रल एक्साईज कमिशनर भारत सरकार तथा अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी सैय्यद जाकीर अली के साथ जिला बास्केटबॉल संघ पदाधिकारी व उपस्थित कई गणमान्य अतिथियों के हाथों रिबन काटकर हुआ। लोकापर्ण उपरांत खेलगुरु रिछारिया सर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें सही मार्गदर्शन और सुविधाओं की आवश्यकता होती है। यदि गांवों में ही खेल के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जाए, तो यहां से भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल सकते हैं। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने इस पहल की जमकर सराहना की।